ज्योति दर्पण हिन्दी दैनिक

# व्यक्तिगत स्वच्छता पर छात्रों को किया जागरूक, 150 बच्चों ने लिया लाभ



**फर्रुखनगर : संवाददाता**

ल्यूमैक्स ग्रुप के सहयोग से साक्षी एन.जी.ओ. ने राजकीय मॉडल संस्कृति वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय जमालपुर और राजकीय उच्च विद्यालय घोषगढ़ में स्कूली छात्रों के लिए व्यक्तिगत स्वच्छता जागरूकता सत्र आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

सत्र का संचालन स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ए.के. यादव ने किया। उन्होंने बच्चों को रोजमर्रा की स्वच्छता आदतें, संक्रमण से बचाव, संतुलित आहार, पोषण तथा किशोरावस्था में होने वाले परिवर्तनों के बारे में सरल और उपयोगी जानकारी दी। छात्रों की व्यक्तिगत समस्याओं को सुनते हुए उन्हें चिकित्सीय सुझाव भी दिए गए। दोनों विद्यालयों के करीब 150 छात्रों ने इस जागरूकता कार्यक्रम में सक्रिय रूप से भाग लिया।

कार्यक्रम में जमालपुर स्कूल के प्रधानाचार्य सत्यप्रकाश यादव और घोषगढ़ स्कूल के मुख्याध्यापक अजय वत्स ने सत्र की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रयास विद्यार्थियों को न केवल स्वास्थ्य के प्रति जागरूक बनाते हैं, बल्कि उनकी दिनचर्या में स्वच्छता को अपनाने की प्रेरणा भी देते हैं। उन्होंने ल्यूमैक्स ग्रुप और साक्षी एन.जी.ओ. का आभार व्यक्त करते हुए भविष्य में भी ऐसे उपयोगी कार्यक्रम नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर जोर दिया।